THE TIMES OF INDIA

Copyright © 2014 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved

Mon, 21 Oct-19; Times Of India - Delhi; Size : 115 sq.cm.;
Circulation:972180; Page : 2

# CII adopts 100 villages to ensure zero farm fires

**New Delhi:** To curb alarming the pollution levels in north India, especially during winter months, the Confederation of Indian Industry on Sunday said it has adopted over 100 villages and 100,000 acres of farm area in Punjab and Haryana to enable zero crop residue burning. The industry body has adopted Ludhiana, Barnala and Patiala districts in Punjab, and Rohtak, Sirsa and Fatehabad in Haryana.

CII has created an ecosystem to engage stakeholders, including experts, corporates, state governments, village community and farmer groups, to implement possible solutions to the issue of stubble burning, the chamber said in a statement.

Theindustry body is proactively engaging with over 15,000 farmers to provide farm machinery, organise technical trainings and massive awareness drives in the adopted villages of Punjab and Haryana, it said.

Air quality monitors have been installed to monitor village level air pollution data and to measure the impact of reduced stubble burning.

Over 3,000 school students in Punjab and youth and corporate volunteers are joining CII in this movement to enable zero stubble burning, the chamber said.

The intervention is supporting farmer groups to procure a range of farm machineries, including Happy Seeder, Zero Till, Mulcher, among others, and make these available to farmers on a nominal rent.

The use of these machineries on a shared basis is enabling farmers to adopt in-situ straw management practices, leading to zero stubble burning and sustainable farming, it said.

The intervention is an extension of its pilot project last year in 19 villages and 16,000 acres of farmland in Punjab, engaging over 3,000 farmers.

"The impact of the intervention was encouraging. After it, 80% farmers adopted no stubble burning approach and a total of 12,000 acres of farmland (75% of the total area under paddy in the adopted villages) became free of stubble burning in 2018, compared to 550 acres (3.5% of farm land) in 2017," CII said. PTI

THE FINANCIAL EXPRESS
www.financialexpress.com
Copyright © 2014 The Indian Express ltd.
Mon, 21 Oct-19; Financial Express - Mumbai; Size : 238 sq.cm.;
Circulation:32971; Page : 3

# CII adopts 100 villages in Punjab, Haryana to mitigate air pollution

**PRESS TRUST OF INDIA**
New Delhi, October 20

**TO CURB ALARMING** pollution levels in north India, especially during winter months, the Confederation of Indian Industry (CII) on Sunday said it has adopted over 100 villages and 100,000 acres of farm area in Punjab and Haryana to enable zero crop residue burning.

The industry body has adopted Ludhiana, Barnala and Patiala districts in Punjab, and Rohtak, Sirsa and Fatehabad in Haryana.

CII has created an ecosystem to engage stakeholders, including experts, corporates, state governments, village community and farmer groups, to implement possible solutions to the issue of stubble burning, the chamber said in a statement.

CII is proactively engaging with over 15,000 farmers to provide farm machinery, organise technical trainings and massive awareness drives in the adopted villages of Punjab and Haryana, it said. Air quality monitors have been installed to monitor village level air pollution data, to measure the impact of reduced stubble burning.

Over 3,000 school students in Punjab, and youth and corporate volunteers are joining CII in this movement to enable zero stubble burning, the chamber said.

The intervention is supporting farmer groups to procure a range of farm machineries, including Happy Seeder, Zero Till, Mulcher, among others, and make these available to farmers on a nominal rent.

The Tribune
VOICE OF THE PEOPLE
Copyright : The Tribune Trust, 2012.
Mon, 21 Oct-19; Tribune - Delhi; Size : 321 sq.cm.; Circulation:-; Page : 4

# Green call, CII adopts 100 villages to check farm fires

TRIBUNE NEWS SERVICE

CHANDIGARH, OCTOBER 20

To mitigate air pollution caused by stubble burning, the Confederation of Indian Industry (CII) has adopted more than 100 villages and 1,00,000 acres of farm area in the districts of Ludhiana, Barnala and Patiala in Punjab, and Rohtak, Sirsa and Fatehabad in Haryana to enable zero crop-residue burning.

The CII has created an ecosystem to engage stakeholders, including experts, corporates, state governments, village community and farmer groups, to implement possible solutions to the issue of stubble burning. It is proactively engaging with more than 15,000 farmers to provide farm machinery, organise technical training programmes as well as massive awareness drives in these villages of Punjab and Haryana, said an official release. Equipment has been installed to monitor village-level air pollution data as well as to measure the impact of reduced stubble burning. More than 3,000 school students in Punjab, the youth and corporate volunteers are joining the CII in this movement to enable zero stubble burning.

The intervention is supporting farmer groups to procure a range of farm machinery, including Happy Seeder, Zero Till, Mulcher, etc, and make these available to farmers on a nominal rent. The use of these machines on a sharing basis is enabling farmers to adopt in-situ straw management practices, leading to zero stubble burning and sustainable farming. Potential ex-situ straw management models are also being piloted and research is being conducted with an aim to develop a road map for straw value chain.


More than 3,000 students and corporate volunteers in the state are joining the CII in this movement. FILE PHOTO

The CCI intervention is an extension of its pilot project in 2018 in 19 villages and on 16,000 acres of farmland in Punjab, engaging more than 3,000 farmers. The impact of the intervention was encouraging. Post intervention, 80% farmers adopted no-stubble burning approach and a total of 12,000 acres of farmland (75% of the total area under paddy in the adopted villages) became free of stubble burning in 2018, compared to 550 acres (3.5% of farmland) in 2017, said the release.

Chandrajit Banerjee, Director-General, CII, said: "The CII's 'Cleaner Air, Better Life' initiative is implementing and piloting optimal solutions to help farmers adopt zero stubble burning. From 19 villages in 2018, we have now scaled to 100 villages. The initiative is not just implementing models for in-situ management of straw, but also piloting ex-situ models which can create potential business models for rural entrepreneurs and SMEs," he said.

दैनिक जागरण
Copyright © 2014 Jagran Prakashan Limited.
Mon, 21 Oct-19; Dainik Jagran - Delhi; Size : 133 sq.cm.; Circulation:452007;
Page : 4

# पराली के धुएं से बचाएगा औद्योगिक संगठन

**जहरीली हवा**

- **सीआइआइ ने पंजाब व हरियाणा के सौ गांवों को लिया गोद**
- **एक लाख एकड़ खेतों में पराली जलाने से रोकने में करेगा मदद**

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : राजधानी दिल्ली के आसमान में धूल और धुएं की धुंध बनने से पहले भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) सरकार के साथ कमर कसकर मैदान में उतर गया है। सीआइआइ ने खेतों में पराली जलाने से रोकने के मकसद से सौ गांवों को गोद लिया है। पंजाब और हरियाणा के इन गांवों के एक लाख एकड़ खेतों में पराली जलाने से रोकने में मदद करेगा। इसमें स्थानीय किसान, छात्र, बुद्धिजीवियों और विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा।

मौसम में नमी के बढ़ने और तापमान घटने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में धूल और धुएं से दमघोंटू माहौल की आशंका बढ़ जाती है। पंजाब और हरियाणा में धान के खेतों में पराली जलाने से रोकने के लिए सरकार पिछले कई सालों से प्रयास कर रही है। अब सीआइआइ ने सरकार के साथ मिलकर पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने पर रोक लगाने की गतिविधियां शुरू कर दी है। परिसंघ ने पंजाब के लुधियाना, बरनाला और पटियाला और हरियाणा के रोहतक, सिरसा और फतेहाबाद के गांवों को अपनाया है।

सीआइआइ ने कुल 15 हजार से अधिक किसानों को पराली प्रबंधन के लिए मशीनें दी हैं। इसके अलावा किसानों को मामूली शुल्क पर कृषि से जुड़ी मशीनरी मुहैया कराई जा रही है। गोद लिए गांवों में तकनीकी और जागरुकता अभियान शुरू किया गया है। औद्योगिक संगठन ने पराली जलाने के प्रभावों का आकलन करने के लिए गांवों में प्रदूषण के स्तर को मापने के लिए निगरानी यंत्र लगाए हैं। संगठन के मुताबिक पंजाब के तीन हजार से अधिक स्कूली छात्र पराली जलाने से रोकने के लिए शुरू हुए अभियान का हिस्सा बने हैं।

सीआइआइ ने पिछले साल पंजाब के 19 गांवों में 16 हजार एकड़ जमीन में प्रायोगिक परियोजना शुरू की थी। इसमें कुल तीन हजार किसानों ने हिस्सा लिया था, जिसका नतीजा बहुत उत्साहजनक रहा। संगठन ने बताया कि वर्ष 2017 के मुकाबले 2018 में 80 फीसद किसानों ने पराली नहीं जलाई थी। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी को किसानों ने आगे बढ़कर अपनाया है। चुनिंदा गांवों के 25 हजार टन से अधिक पराली को मिट्टी में दबाकर सड़ा दिया गया।

सीआइआइ के महासचिव चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि इस पहल से वायु प्रदूषण को रोकने में मदद मिली है। इसको देखते हुए इस बार गांवों की संख्या बढ़ाकर सौ कर दी गई है। पराली प्रबंधन की दिशा में उनका संगठन पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, पंजाब पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कृषि विभाग और जिला स्तर पर स्थापित कृषि विज्ञान केंद्रों की मदद भी ले रहा है।

दैनिक ट्रिब्यून

Mon, 21 Oct-19; Dainik Tribune - Delhi; Size : 100 sq.cm.; Circulation:-; Page : 12

# सीआईआई ने पंजाब, हरियाणा में 100 गांव गोद लिये

नयी दिल्ली, 20 अक्तूबर (एजेंसी)

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने उत्तर भारत में विशेषकर सर्दियों के दौरान प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिये पंजाब और हरियाणा में 100 गांवों तथा एक लाख एकड़ खेत को गोद लिया है। सीआईआई ने कहा कि उसने पंजाब में लुधियाना, बरनाला और पाटियाला जिलों तथा हरियाणा में रोहतक, सिरसा और फतेहाबाद जिलों को गोद लिया है। उसका लक्ष्य इन जिलों में पराली जलाने की घटनाओं को समाप्त करना है। पराली जलाने की समस्या के समाधानों के क्रियान्वयन के लिये एक पारिस्थितिकी तैयार की गयी है।

उद्योग मंडल ने कहा कि वह 15 हजार से अधिक किसानों को कृषि उपकरण, तकनीकी प्रशिक्षण मुहैया करा रहा है और पंजाब तथा



पराली प्रदूषण रोकथाम के प्रयास

हरियाणा के गोद लिये गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम में उसके साथ पंजाब के 3 हजार से अधिक विद्यार्थी, युवा और कॉरपोरेट स्वयंसेवी जुड़ रहे हैं। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, 'पिछले साल हमने 19 गांवों में प्रायोग तौर पर इस मुहिम की शुरुआत की थी, जिसे अब 100 गांवों तक विस्तार दिया गया है।'

नवभारत टाइम्स
Copyright © 2014 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved.
Mon, 21 Oct-19; Nav Bharat Times - Mumbai; Size : 37 sq.cm.;
Circulation:141711; Page : 7

# CII ने 100 गांव गोद लिए

**भारतीय उद्योग परिसंघ हजारों किसानों को दे रहा है ट्रेनिंग**

**भाषा, नई दिल्ली :** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पंजाब-हरियाणा में 100 गांवों और एक लाख एकड़ खेत को गोद लिया है। सीआईआई ने कहा कि उसने पंजाब में लुधियाना, बरनाला, पटियाला जिलों और हरियाणा में रोहतक, सिरसा और फतेहाबाद जिलों को गोद लिया है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, 'सीआईआई की 'स्वच्छ वायु, बेहतर जीवन' मुहिम पराली जलाने की घटना को खत्म करने में किसानों की मदद करने के लिए समाधानों पर काम कर रही है।

राष्ट्रीय सहारा

Copyright 2010 Sahara India Mass communication.

Mon, 21 Oct-19; Rashtriya Sahara - Delhi; Size : 96 sq.cm.;
Circulation:117002; Page : 15

# पराली जलाने से रोकने को गोद लिए १०० गांव

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने उत्तर भारत में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए पंजाब और हरियाणा में 100 गांवों तथा एक लाख एकड़ खेत को गोद लिया है।

सीआईआई ने कहा कि उसने पंजाब में लुधियाना, बरनाला और पटियाला जिलों तथा हरियाणा में रोहतक, सिरसा और फतेहाबाद जिलों को गोद लिया है। उसका लक्ष्य इन जिलों में पराली जलाने की घटनाओं को समाप्त करना है। उसने कहा कि पराली जलाने की समस्या के संभव समाधानों के क्रियान्वयन के लिए एक पारिस्थितिकी तैयार की गई है। इसके तहत विशेषज्ञों, कॉरपोरेट, राज्य सरकारों, ग्रामीण समुदायों और कृषक समूहों समेत विभिन्न संबंधित पक्षों को एक साथ लाया जाएगा।

## CII की पहल


उद्योग मंडल ने कहा कि वह 15 हजार से अधिक किसानों को कृषि उपकरण, तकनीकी प्रशिक्षण मुहैया करा रहा है और पंजाब तथा हरियाणा के गोद लिये गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीआईआई ने कहा कि उसकी इस मुहिम में उसके साथ पंजाब के 3000 से अधिक विद्यार्थी व कारपोरेट क्षेत्र के स्वयंसेवी जुड़ रहे हैं।



विराट वैभव

Mon, 21 Oct-19; Virat Vaibhav - Delhi; Size : 134 sq.cm.; Circulation:-; Page : 15

# सीआईआई ने पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पंजाब, हरियाणा में 100 गांवों को लिया गोद



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने उत्तर भारत में विशेषकर सर्दियों के दौरान प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए पंजाब और हरियाणा में 100 गांवों तथा एक लाख एकड़ खेत को गोद लिया है। सीआईआई ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

सीआईआई ने कहा कि उसने पंजाब में लुधियाना, बरनाला और पटियाला जिलों तथा हरियाणा में रोहतक, सिरसा और फतेहाबाद जिलों को गोद लिया है। उसका लक्ष्य इन जिलों में पराली जलाने की घटनाओं को समाप्त करना है। उसने कहा कि पराली जलाने की समस्या के संभव समाधानों के क्रियान्वयन के लिए एक पारिस्थितिकी तैयार की गई है। इसके तहत विशेषज्ञों, कॉरपोरेट, राज्य सरकारों, ग्रामीण समुदायों और कृषक समूहों समेत विभिन्न संबंधित पक्षों को एक साथ लाया जाएगा। उद्योग मंडल ने कहा कि वह 15 हजार से अधिक किसानों को कृषि उपकरण, तकनीकी प्रशिक्षण मुहैया करा रहा है और पंजाब तथा हरियाणा के गोद लिए गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीआईआई ने कहा कि इस मुहिम में उसके साथ पंजाब के तीन हजार से अधिक विद्यार्थी, युवा और कॉरपोरेट स्वयंसेवी जुड़ रहे हैं। सीआईआई ने कहा कि इनमें से कई किसानों ने पहली बार पराली जलाने की वैकल्पिक प्रौद्योगिकी को अपनाया है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, सीआईआई की स्वच्छ वायु, बेहतर जीवन मुहिम पराली जलाने की घटना को समाप्त करने में किसानों की मदद करने के लिए सक्षम समाधानों का क्रियान्वयन कर रही है। पिछले साल हमने 19 गांवों में प्रायोगिक तौर पर इस मुहिम की शुरुआत की थी।